दिनांक 7 नवंबर 2020
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महिलाओं को उनके द्वारा तैयार किए गए प्रोडक्ट के लिए मार्केट दिलाने , कार्य योजना तैयार करने निगम सभागार में महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने ली बैठक , प्रोडक्ट की पहली खरीदी के लिए श्री यादव देंगे अपनी 2 माह की सैलरी , महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने बड़ी पहल

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने शहर की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें स्वरोजगार देने एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए मदर्स महिला मार्केट का निर्माण करा रहे हैं , जिसमें 35000 महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलने का अनुमान लगाया गया है! मदर्स महिला मार्केट में प्रोडक्ट की पहली खरीदी के लिए श्री यादव ने विधायक की 2 माह की सैलरी देने की घोषणा की है! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर मार्केट का निर्माण तीव्र गति से किया जा रहा है! महिलाओं के लिए विशेष तौर पर बनाए जा रहे पावर हाउस के समीप महिला मार्केट में शहरवासियों को एक ही कैंपस में बेहतर खाद्य के प्रोडक्ट उपलब्ध कराने के लिए निगम सभागार में महिलाओं के द्वारा की जा रही तैयारियों को लेकर बैठक हुई! बैठक में सिटी लेवल फेडरेशन की महिलाएं उपस्थित रहे! मार्केट के संचालन करने की कार्य योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई! इससे पूर्व निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से जुड़े अधिकारियों के साथ महापौर ने पृथक से बैठक लेकर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए कुछ बिंदुओं पर परिवर्तन के लिए निर्देश दिए! गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थ के प्रोडक्ट को विक्रय करने के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग से पंजीयन कार्य पूर्ण कर लिया गया है! बैठक में उपायुक्त तरुण पाल लहरें, सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस , मिशन मैनेजर एकता शर्मा, शिबा राबर्ट एवं सीएलएफ की महिलाएं मौजूद रही!

जनसंपर्क अधिकारी